दिनांकः 26.02.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों से संवेदनशील होकर काम करने और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए।
- राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट का कल से आयोजन–रोडवेज और रेलवे की ओर से परीक्षार्थियों के आवागमन के लिए विशेष व्यवस्थाएं।
- महाशिवरात्रि पर्व पर शिवालयों में श्रद्धालुओं का तांता–प्रयागराज महाकुंभ का अंतिम स्नान आज।
- प्रदेश में आज कई स्थानों पर बादल छाए हुए हैं–कल से नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना।

....................

मुख्य सचिव सुधांश पंत ने अधिकारियों से संवेदनशील होकर काम करने और प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये हैं। कल अजमेर में उन्होंने संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक की। श्री पंत ने कानून और शांति व्यवस्था, सुशासन, राज्य बजट घोषणा, राजस्व और विभिन्न विभागों से संबंधित योजनाओं और कार्यों की समीक्षा की। संभागीय आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक ने उन्हें संभाग में हुए कार्यों की प्रगति की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने कल से आयोजित होने वाली राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा रीट की तैयारियों की भी समीक्षा करते हुए इसके सुचारु और निष्पक्ष संपादन के लिए आवश्यक निर्देश दिये। बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार गुड गवर्नेंस की दिशा में लगातार काम कर रही है।

....................

राज्य विधानसभा में कल भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच गतिरोध बना रहा। हालांकि बिना प्रतिपक्ष के ही विधानसभा की कार्यवाही चली। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि वे सदन को बिना किसी पक्षपात के चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी सदस्यों की ओर से स्पीकर के लिए कहे गए शब्द व्यथित करने वाले हैं।

इस बीच, कल कांग्रेस विधायक सदन के बाहर धरने पर बैठे रहे। मीडिया से बातचीत में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने कहा कि मंत्री को अपने कथित अपशब्दों पर खेद प्रकट करना चाहिए।

....................

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार ने गतिरोध तोड़ने के प्रयास किये, लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा अपनी हठधर्मिता पर अड़े हैं। उन्होंने स्पीकर के लिए जिन शब्दों का प्रयोग किया वे निंदनीय है।

....................

आज महाशिवरात्रि के अवकाश के कारण विधानसभा की कार्यवाही नहीं चलेगी। कल सुबह 11 बजे सदन की कार्यवाही शुरू होगी।

....................

राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा–रीट कल और परसों आयोजित की जाएगी। राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सचिव और परीक्षा के समन्वयक कैलाश चंद्र शर्मा ने बताया कि बोर्ड कार्यालय आज अवकाश पर भी संबंधित तैयारियों और मॉनिटरिंग के लिए खुले रहेंगे। उन्होंने बताया कि परीक्षा के लेवल वन में तीन लाख छियालिस हजार छः सौ पच्चीस परीक्षार्थी और लेवल टू में नौ लाख अड़सठ हजार पांच सौ एक परीक्षार्थी पंजीकृत हैं।

इस बीच, परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा उपलब्ध कराई जा रही है। रेलवे की ओर से भी आज से विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं, जो 28 फरवरी तक चलेंगी।

....................

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई, वर्ष 2025–26 से 10वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा दो बार कराने की योजना बना रहा है। बोर्ड ने इसके लिए तैयार किए गए मसौदे पर 9 मार्च तक विचार आमंत्रित किए हैं। मसौदे में, पहली परीक्षा फरवरी से मार्च तक और दूसरी परीक्षा मई में कराने का प्रस्ताव है।
सीबीएसई ने कहा है कि दो में से एक परीक्षा मुख्य परीक्षा होगी और सुधार की जरुरत महसूस होने पर विद्यार्थी दूसरी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे।

....................

महाशिवरात्रि का पर्व आज प्रदेशभर में धार्मिक आस्था और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शिवालयों में तड़के से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। भगवान शिव का पंचामृत और बिल्व पत्र से अभिषेक किया जा रहा है। शिवालयों को आकर्षक रूप से सजाया गया है। राजधानी जयपुर के ताडकेश्वर और झाड़खंड महादेव मंदिर सहित विभिन्न देवालयों में भक्त बम बम भोले का जयकारा लगाते हुए शिव जी की पूजा अर्चना कर रहे हैं।

....................

गलताजी क्षेत्र के मंदिरों सहित प्रमुख शिवालयों में मेले, शोभायात्रा और भंडारा प्रसादी के कार्यक्रम हो रहे हैं। सवाईमाधोपुर के शिवाड़ स्थित घुश्मेश्वर महादेव मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही है। राज्य के अलावा अन्य स्थानों से भी भक्त काफी संख्या में भगवान शिव के दर्शन करने पहुंच रहे हैं। यहां आज मुख्य मेला भर रहा है। बारां में मनिहारा महादेव मंदिर में भी मेला लगाया गया है।
पाली में 151 साधकों द्वारा सामूहिक रूप से 35 शिव लिंगों का अभिषेक किया जाएगा। भरतपुर में शमशानेश्वर और पंचमुखी मंदिरों में जीवित सर्पों की झांकी सजाई गई है। श्रीगंगानगर के प्राचीन शिवालयों में प्रयागराज से डाक कावड़ द्वारा लाए जल से ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया जा रहा है।
राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को महाशिवरात्रि के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि महाशिवरात्रि भारतीय संस्कृति का अनूठा उत्सव है। उन्होंने भगवान शिव और माता पार्वती से सभी के कल्याण और मंगल की कामना की है।

....................

और अब महाकुंभ से जुड़ी खबरें –
प्रयागराज में चल रहा महाकुम्भ आज महाशिवरात्रि को सम्पन्न हो रहा है। इस अवसर पर देशभर से आए श्रद्धालु आज तड़के से ही संगम और अन्य घाटों पर स्नान कर रहे हैं। तेरह जनवरी से शुरू हुए महाकुम्भ में अब तक 64 करोड़ 60 लाख से अधिक तीर्थयात्री डुबकी लगा चुके हैं। आज आखिरी दिन श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पर्याप्त सुरक्षा उपाय किए गए हैं। रेलवे स्टेशनों और प्रयागराज जाने वाली सड़कों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मेला क्षेत्र में वाहनों को आने–जाने की अनुमति नहीं है।

....................

प्रदेश में आज राजधानी जयपुर सहित कई स्थानों पर बादल छाए हुए हैं। कल से नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के आसार हैं। इसके असर से बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग में कई स्थानों पर तथा शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं हल्की बारिश हो सकती है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि एक मार्च को भी राज्य के कुछ भागों में बारिश का दौर जारी रहेगा।

....................